# SITAPUR POLICE

UTTAR PRADESH
POLICE
SITAPUR

दिनांक: 25.09.2026

## पुलिस लाइन सीतापुर में "अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस" पर पुलिस कर्मियों को सांकेतिक भाषा समझने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया।

आज दिनांक 25.09.2026 को "अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस" (International Day of Sign Languages) के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल महोदय के निर्देशन में पुलिस लाइन सीतापुर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवबालक वर्मा सीतापुर सहित पुलिस लाइन में तैनात विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान मूक-बधिर (दिव्यांग) नागरिकों की समस्याओं को समझने, उनके साथ बेहतर व प्रभावी संवाद स्थापित करने तथा पुलिस सेवाओं को उनके लिए और अधिक सुगम एवं संवेदनशील बनाने के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिसकर्मियों को सांकेतिक भाषा (Sign Language) के मूलभूत पहलुओं एवं इसके महत्व के बारे में जागरूक किया गया, ताकि समाज के हर वर्ग (मूक बधिर) लोगों की समस्याओं को पुलिस  समझ सके और उन्हें  पुलिस की सहायता बिना किसी बाधा के प्राप्त हो सके।

प्रतिसार निरीक्षक सीतापुर ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि सांकेतिक भाषा मूक-बधिर बंधुओं के साथ संपर्क साधने का सशक्त माध्यम है। पुलिस विभाग का यह निरंतर प्रयास है कि समाज के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर दिव्यांगजन, स्वयं को सुरक्षित महसूस करें और अपनी बात सहजता से पुलिस तक पहुँचा सकें।


कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता, सहानुभूति और पूर्ण समर्पण के साथ सेवा करने का संकल्प लिया।

**मुख्य बिंदु (Key Highlights):**

- मूक-बधिर नागरिकों के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करने हेतु विशेष जागरूकता सम्पादित।
- दिव्यांगजनों के लिए पुलिस सेवाओं को और अधिक सुगम एवं संवेदनशील बनाने पर जोर।
- सांकेतिक भाषा (Sign Language) के मूलभूत पहलुओं की जानकारी व सेवा संकल्प।






2026-09-19 11-12-06.pdf
U
V
W
X
Y
Z
1
2
3
4
5
8
Type here to search

